पाकिस्तान की जेलों में युद्ध-बन्दी

1575. डा० रत्नाकर पाण्डेय :
कुमारी सरोज खापर्डे :

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय पाकिस्तानी जेलों में कितने भारतीय युद्ध-बन्दी हैं;

(ख) उन्हें रिहा कराने के लिए अब तक क्या राजनीतिक प्रयास किए गए हैं; और

(ग) इन युद्ध-बन्दियों को रिहा कराने के संबंध में अब तक क्या प्रगति हुई है ?

विदेश मंत्री (श्री माधव सिंह सोलंकी) : (क) से (ग) 54 लापता भारतीय प्रतिरक्षा कार्मिकों के बारे में यह विश्वास किया जाता है कि वे पाकिस्तान के जेलों में बन्द हैं। सरकार उनके भारत प्रत्यावर्तन के मामले को पाकिस्तान की सरकार के साथ बार-बार उठाती रही है। तथापि, पाकिस्तान की सरकार का यह मानना है कि उसकी हिरासत में कोई भी भारतीय प्रतिरक्षा कार्मिक नहीं है। हम इस के बारे में पाकिस्तान पर बराबर दबाव डाल रहे हैं।

भारत-विरोधी प्रचार का सामना करने के लिए उपाय

1576. डा० रत्नाकर पाण्डेय : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि सरकार पाक के भारत विरोधी प्रचार का अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर प्रभावशाली ढंग से सामना करने के लिए क्या कदम उठा रही है ?

विदेश मंत्री (श्री माधवसिंह सोलंकी) : भारत सरकार ने अन्तर्राष्ट्रीय समाचार जगत और विदेशी सरकारों को तथ्यात्मक और दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध कराए हैं ताकि पाकिस्तान के भारत विरोधी प्रचार का खण्डन किया जा सके। पंजाब और जम्मू तथा कश्मीर में पाकिस्तान के हस्तक्षेप को विदेशी सरकारों और अन्तर्राष्ट्रीय मीडिया द्वारा मान लिया जाना और इन सरकारों द्वारा पाकिस्तान को भारत विरोधी गतिविधियों से अलग रहने की सलाह देना भारत के प्रयासों की पाकिस्तान के दुष्प्रचारों पर विजय है।

पाक वायु सेना का परमाणु तकनीकों से लैस होना

1577. डा० रत्नाकर पाण्डेय : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पाक वायु सेना के परमाणु तकनीकों से लैस होने से भारत की चिन्ता बढ़ी है; और

(ख) इस स्थिति से निपटने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है ?

विदेश मंत्री (श्री माधवसिंह सोलंकी) : (क) पाकिस्तान नाभिकीय हथियारों की डिलीवरी के लिए अपने विमानों में संशोधन करने के जो कथित प्रयास कर रहा है, उनकी सरकार को जानकारी है।

(ख) सरकार उन सभी घटनाओं पर बराबर निगरानी रखती है जिनका देश की सुरक्षा पर असर पड़ सकता हो और उसकी सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाती है।

Scrapping of Indo.Nepal Treaties

1578. SHRI RATNA BAHADUR RAI: Will the Minister of ESTER. NAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that as per article VIII of Indo-Nepal Treaty signed on 31st July, 1950 all previous treaties, agreements and engagements entered into on behalf of India bet. ween the British Government and the Government of Nepalare stated to be cancelled; and

(b) if so, what are these previous treaties / agreements / engagements which stood cancelled after signing of Indo-Nepal Treaty of 1950, details thereof;